Notice is hereby given that the 13th Annual General Meeting ("AGM/Meeting") of the members of Shubhshree Biofuels Energy Limited ("Company") is scheduled to be held on Saturday, September 19, 2026 at 2.30 P.M. IST ("Indian Standard Time") through Video conferencing ("VC")/ other audio visual means ("OAVM") to transact the business as set out in the Notice convening the 13th AGM dated August 17, 2026, in accordance with the applicable provisions of The Companies Act, 2013 ("the Act") and rules made thereunder and The Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("the Listing Regulations") read with General circular no. 03/2025 dated September 22, 2025 and earlier circulars issued in this regard by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") without the physical presence of members at a common venue. The Registered Office of the Company situated at Plot No. 8, Ganesh Vihar B, Pandit T.N Mishra Marg, Nirman Nagar, Shyam Nagar, Jaipur, Rajasthan- 302019 shall be the deemed venue of the AGM. Members participating through VC/OAVM facility shall be reckoned for the purpose of quorum under section 103 of the Act.

The electronic copies of the Notice convening the 13th AGM setting out the ordinary and special business proposed to be transacted at the meeting together with the Annual report of the Company for the F.Y. 2025-26 have already been sent to all the members via e-mail on Monday, August 24, 2026 whose e-mail IDs were registered with the Company /Registrar and Share Transfer Agent ("RTA")/ Depository Participant(s) ("DPs"). The requirement of sending physical copy of notice of AGM and Annual Report to the Members have been dispensed vide the aforementioned MCA Circulars and the Listing Regulations.

In accordance with Regulation 36(1)(b) of the Listing Regulations, in case of shareholders who have not registered their e-mail IDs, a letter providing the web link, including the exact path alongwith a QR code, where complete details of Annual Report are available, has been sent at their addresses registered in the records of Company/ RTA/Depositories.

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Act read with Rule 20 of The Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (as amended) and Regulation 44 of the Listing Regulations (as amended), the Company is providing e-voting facility to its members through National Securities Depository Limited ("NSDL") to enable them to exercise their right to vote electronically on resolutions proposed to be transacted at the said AGM.

In this regard, the Members are hereby further informed that:

(a) The Ordinary and Special Business as set out in the notice convening the 13th AGM may be transacted through voting by electronic means.

(b) The remote e-voting period shall start at 09:00 A.M. (IST) on Tuesday, September 15, 2026 and shall end at 05:00 P.M. on Friday, September 18, 2026. The remote e-voting shall not be allowed after 05:00 P.M. on Friday, September 18, 2026. The same will be disabled by NSDL thereafter. Once the vote on resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently.

(c) A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e. Saturday, September 12, 2026 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting and e-voting at the 13th AGM. The detailed procedure/ instructions for remote e-voting and e-voting are contained in the Notice convening the 13th AGM.

(d) Any person who acquires shares of the Company and becomes member of the Company after dispatch of the Notice convening the 13th AGM and holding shares as on the cut-off date i.e. Saturday, September 12, 2026, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.com. However, if person is already registered with NSDL for e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote.

(e) The facility for voting through electronic voting system shall also be made available at the 13th AGM and the members who have not cast their vote through remote e-voting and are present in the AGM through VC/ OAVM, shall be eligible to vote through e-voting at the AGM.

(f) Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their vote again.

(g) The Board of Directors has appointed Mr. Manoj Maheshwari (FCS: 3355, COP: 1971) Practicing Company Secretary as Scrutinizer and failing him, Ms. Kamla Choudhary (ACS 46577; COP: 26628) Practicing Company Secretary as an Alternate Scrutinizer to scrutinize the voting at the 13th AGM and remote e-voting process, in a fair and transparent manner.

(h) The Notice convening the 13th AGM and the Annual report for the financial year 2025-26 is available on the Company's website at www.shubhshreebiofuels.co.in, website of the Stock Exchange i.e. Emerge platform of National Stock Exchange of India Ltd. at www.nseindia.com and website of NSDL at www.evoting.nsdl.com.

(i) Members holding shares in Demat form who wish to register or update their email IDs are requested to contact their respective DPs and follow the procedure advised by them. For members holding shares in physical form, such updates should be made directly with the RTA of the Company i.e. Bigshare Services Private Limited by submitting the forms given in the notice of AGM along with requisite supporting documents.

(j) In case of query/grievances pertaining to voting by electronic means, the members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on : 022 - 4886 7000 or send a request at evoting@nsdl.com or contact to Ms. Pallavi Mhatre (Deputy Vice president) National Securities Depository Limited, T301, 3rd Floor, Naman Chambers, G Block, Plot No- C-32, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai-400051.

For Shubhshree Biofuels Energy Limited
Sd/-
Nidhi Khandelwal
Company Secretary and Compliance officer
M.No.: A31808

Date: 24.08.2026
Place: Jaipur

मानसिक स्वास्थ्य, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, स्वस्थ जीवनशैली और जन-जागरूकता बढ़ाने पर हुआ मंथन

देहरादून,(वीअ)। पल्स ऑफ पॉजिटिविटी-हेल्थ एंड वेलनेस समिट उत्तराखंड का सफल आयोजन फेयरफील्ड बाय मैरियट, देहरादून में किया गया। समिट में नीति-निर्माताओं, वरिष्ठ चिकित्सकों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, वेलनेस एक्सपर्ट्स, शिक्षाविदों और कॉरपोरेट जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, जीवनशैली तथा स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद किया।

समिट में उत्तराखंड विधानसभा की माननीय अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं मोक्षायतन योग संस्थान की निदेशक एवं भारत योग की अध्यक्ष आचार्य प्रतिष्ठा विशिष्ट अतिथि (Guest of Honour) के रूप में उपस्थित रहीं। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एवीपी एवं वर्टिकल हेड - कॉरपोरेट अफेयर्स, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एंड सोशल, श्री पुनीत आनंद भी उद्घाटन सत्र के मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद पल्स ऑफ पॉजिटिविटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री विशाल कुमार त्यागी ने स्वागत संबोधन दिया और गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बचपन से ही अच्छी और अनुशासित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में अनुशासन, संतुलित खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित करने में माता-पिता और परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों को शुरुआत से ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना आवश्यक है। आचार्य प्रतिष्ठा और श्री पुनीत आनंद ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। वक्ताओं ने जागरूकता, रोकथाम और सामूहिक जिम्मेदारी के माध्यम से एक स्वस्थ भविष्य के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पल्स ऑफ पॉजिटिविटी-हेल्थ एंड वेलनेस समिट उत्तराखंड 2026 की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं और स्वास्थ्य एवं वेलनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने की इस पहल की सराहना की। उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री मदन कौशिक ने भी समिट के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और विशेष वीडियो संदेश के माध्यम से स्वास्थ्य एवं वेलनेस के प्रति व्यापक जन-जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया।

समिट के पहले पैनल डिस्कशन में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य को समग्र स्वास्थ्य के अभिन्न हिस्से के रूप में देखने की आवश्यकता है। चर्चा के दौरान परिवार, माता-पिता, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया, ताकि कम उम्र से ही बच्चों और युवाओं में भावनात्मक मजबूती विकसित की जा सके और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुलकर संवाद का वातावरण तैयार हो।

खटीमा में कैंटाबिल के नए स्टोर का शुभारंभ

खटीमा, (वीअ)। देश के प्रमुख परिधान निर्माता एवं रिटेल ब्रांड कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने उत्तराखंड में अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करते हुए खटीमा में अपने नए स्टोर का शुभारंभ किया है। 1575 वर्गफुट क्षेत्रफल में स्थापित यह नया स्टोर टनकपुर रोड, अमौन, खटीमा, वार्ड नंबर-07, जिला ऊधम सिंह नगर में स्थित है। नए स्टोर के खुलने से क्षेत्र के फैशन प्रेमियों को एक ही छत के नीचे पुरुषों और महिलाओं के लिए आधुनिक एवं आकर्षक परिधानों की विस्तृत रेंजउपलब्ध होगी।

कैंटाबिल के इस स्टोर में पुरुषों के लिए फॉर्मल वियर, कैजुअल वियर और पार्टी वियर की विभिन्न श्रेणियां उपलब्ध हैं। वहीं महिलाओं के लिए कैजुअल, एथनिक और फॉर्मल वियर के साथ-साथ ट्रेंडिंग फैशन एक्सेसरीज का भी शानदार कलेक्शन पेश किया गया है। बदलते फैशन ट्रेंड और ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए स्टोर में आधुनिक डिजाइनों, आकर्षक रंगों और विविध स्टाइल के परिधानों को शामिल किया गया है। कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने नए स्टोर के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खटीमा में पुरुषों और महिलाओं के लिए नए स्टोर की शुरुआत कैंटाबिल की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मिड-प्रीमियम सेगमेंट में कैंटाबिल को ग्राहकों का लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। खटीमा स्टोर में ग्राहकों को फैशन-फॉरवर्ड परिधानों के साथ स्टाइलिश एक्सेसरीज की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। कैंटाबिल ने लगातार लेटेस्ट स्टाइल के साथ प्रीमियम कपड़े दिए हैं, जो बदलते फैशन माहौल को दिखते हैं। ब्रांड क्लासिक और स्टाइलिश कपड़ों की लगातार नई रेंज तैयार करने के साथ-साथ कस्टमर्स को बेमिसाल फैशन एक्सपीरियंस देने के लिए प्रतिबद्ध है।

रोपवे परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी

देहरादून, (वीअ)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश की विभिन्न रोपवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्थापना दिवस 09 नवम्बर तक रोपवे परियोजनाओं के कार्य धरातल पर दिखाई देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को 15 दिन के भीतर रोपवे परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट मुख्य सचिव को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही इन परियोजनाओं की प्रगति की पुन: समीक्षा करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोपवे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलम्ब स्वीकार्य नहीं होगा और निर्धारित समयसीमा के अनुसार कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने जनपदों में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन रोपवे परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें तथा कार्यदायी संस्थाओं के साथ लगातार संपर्क और समन्वय बनाए रखें।

समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने किया फरियादियों की समस्याओं का समाधान

देहरादून, (वीअ)। आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चैहान की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में पहुंचे 140 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रकरणों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समयावधि के भीतर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश जारी किए गए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से भूमि अतिक्रमण, नाला बंद होने से जलभराव, विधवा पेंशन में ठगी, घरेलू हिंसा, संपत्ति विवाद और विकास कार्यों में देरी से जुड़े मामले छाए रहे।देवऋषि कॉलोनी निवासी जूली की शिकायत पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में मोरारी बापू की रामकथा का भावपूर्ण समापन

देहरादून,(वीअ)। विश्व विख्यात हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित नौ दिवसीय रामकथा अनुष्ठान का समापन हो गया। पहली बार विदेश में आयोजित तुलसी जयंती महोत्सव के अंतर्गत चल रही कथा के अंतिम दिन कथावाचक मोरारी बापू ने गुरु प्रसाद, शिक्षा, दीक्षा और भिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा संपूर्ण रामकथा को विश्व शांति और विश्व विश्रांति के लिए हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को समर्पित किया। कथा के समापन अवसर पर बापू ने कहा कि वे पढ़ाने या उपदेश देने नहीं, बल्कि नामप्रसाद और हरिप्रसाद बांटने आए हैं।

उन्होंने कहा कि गुरु का प्रसाद मनुष्य को पांच प्रकार की शिक्षा, पांच दीक्षा और पांच प्रकार की भिक्षा प्रदान करता है। शिक्षा के रूप में विद्या, विनय, निपुणता, गुण और शील प्राप्त होते हैं, जबकि दीक्षा में शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध का बोध मिलता है। बापू ने बताया हमें व्यास पीठ पर पांच वस्तु पर ध्यान रखना चाहिएरूशब्द देवता,सूर देवता,स्वर देवता,लय के देवता और ताल देवता का ध्यान रखना चाहिये। भूल का स्वीकार न करना सबसे बड़ी भूल है। गाते और सुनते वक्त मिले सूत्रों में हम सावधान रहे देह से और नेत्रों से प्रेम करते हैं तो वियोग लगेगा, लेकिन आत्मा से प्रेम करते हैं तो वियोग नहीं लगेगा ऐसा रूमी ने कहा है। बापू ने कहा विचारों का भी परिग्रह न करें। मैं पढ़ने,पढ़ाने नहीं, प्रसाद बांटने आया हुं। नाम प्रसाद और हरिप्रसाद वितरित करने आया हूं। आरंभ में गुरु प्रसाद जानकारी प्रदान करता है।

एसआईआर कार्य में पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ करें नोटिसों की सुनवाई: डीएम

देहरादून,(वीअ)। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 आशीष चैहान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेऋट में भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर राज्य में गतिमान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के अंतर्गत मतदाताओं को जारी किए जा रहे नोटिसों एवं उनकी सुनवाई के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर कार्य की प्रगति, अनोमलीज एवं नो-मैपिंग से संबंधित मामलों तथा मतदाताओं को दिए जा रहे नोटिसों की सुनवाई की प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने स्तर पर राजनीतिक

दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर बैठक एवं समन्वय बनाए रखें, ताकि एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी सभी संबंधित पक्षों तक समय पर पहुंच सके। उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अनोमलीज अथवा नो-मैपिंग की स्थिति सामने आने पर मतदाताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित मतदाताओं को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। मतदाता आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत कर अपना पक्ष रख सकते हैं। अभिलेखों के नियमानुसार परीक्षण एवं सत्यापन के उपरांत पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देश दिए कि वे मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया, नोटिस की स्थिति, सुनवाई की प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों के संबंध में स्पष्ट एवं सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को प्रक्रिया को लेकर अनावश्यक भ्रम अथवा असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने दावे एवं आपत्तियों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया में भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को एसआईआर कार्य में पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने मसूरी शहीद स्मारक समिति के सदस्यों के साथ बैठक की

मसूरी, (वीअ)। आगामी दो सितंबर को उत्तराखंड राज्य आंदोलन के तहत मसूरी गोलीकांड के शहीदों की याद में होने वाले श्रद्धाजलि समारोह के लिए एसडीएम राहुल आनंद ने मसूरी शहीद स्मारक समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित विशिष्टि अतिथियों के आने को लेकर भी गहन मंथन करने के साथ व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया। एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि दो सितंबर को शहीद स्थल पर मसूरी गोलीकांड की बरसी पर पूर्व की भांति कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, जिसमें मसूरी शहीद स्मारक समिति के तत्वाधान में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया जायेगा व प्रसाद वितरित किया जायेगा। इसके बाद सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे व प्रदेश स्तर पर आयोजित उत्तराखंड राज्य पर निबंध प्रतियोगिता में मसूरी क्षेत्र में प्रथम आने वाले प्रतिभागी का संबोधन होगा वहीं मुख्यमंत्री के आने के बाद शहीद परिवारों को सम्मानित किया जायेगा व प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जायेंगे। वहीं इस बार मंच की व्यवस्था में परिवर्तन किया जा रहा है ।

वीर अर्जुन
वर्गीकृत विज्ञापन
Change of Name

I, Saroj Bala D/o Nirmal Ram W/o Inderjeet Singh R/o 54/B Vasant Vihar Enclave Mandir Marg Dehradun G P Uttarakhand-248001 have changed my name to Simranjeet Kaur. **C-41283**

I, hitherto known as Bhagirathi Devi W/o Govind Singh residing at Fulaiya, Khatima, Udham Singh Nagar, Uttarakhand-262308, have changed my name and shall hereafter be known as Bhagrathi Devi. **C-41283**

I, hitherto known as Meera Devi W/o Sujan Singh residing at Nagala, Nanakmatta, District Sitarganj, Udham Singh Nagar, Uttarakhand-262311, have changed my name and shall hereafter be known as Motima Devi. **C-41283**

I,hitherto known as Dr Shamshad Ali S/o Mohammad Navi R/o Post Sultanpur Patti Village Kanura Udham Singh Nagar Uttarakhand-262401 have changed my name and shall hereafter be known as Shamshad Ali. **C-41284**

I hitherto known as Kashmira Devi W/o Narayan Singh, R/o 21, Kafalodi, Malai, Kaflori, Chamoli, Malai, Uttrakhand-246487, have changed my name and shall hereafter be known as Uma Devi. **C-41284**

लापरवाह अफसरों की तय होगी जिम्मेदारी: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

देहरादून,(वीअ)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने सोमवार को कुमांऊ-गढ़वाल के मंडल आयुक्तों सहित जनपद देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। बैठक के दौरान तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों ने दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के सम्बंध में अब तक की कार्रवाई के साथ ही आगे की रणनीति पर जिलेवार विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी दावे एवं आपत्तियों की नियमानुसार सुनवाई की जाए। किसी भी स्तर पर लापवाही सामने आने पर सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए यथोचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने

जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर राजनैतिक दलों और मीडिया के साथ नियमित संवाद करते रहें।

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों के डीईओ को फार्म 6, फार्म 7 एवं फार्म 8 के निस्तारण सम्बंधी विस्तार पूर्वक जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन बूथों पर 4 प्रतिशत से अधिक परिवर्धन तथा 2 प्रतिशत से अधिक अपमार्जन की सम्भावना है, ऐसे बूथों का सम्बधित ईआरओ द्वारा व्यक्तिगत निरीक्षण समीक्षा करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने आयुक्त कुमांऊ दीपक रावत एवं आयुक्त गढ़वाल आनंद स्वरुप के हाल में किए गए जनपद भ्रमण के बारे में फीडबैक लिया। इसके साथ ही दोनों आयुक्तों को निरंतर फील्ड विजिट कर करते रहने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र दुम्का, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास के अतरिक्त दोनों मंडलायुक्त एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

व्यवस्था सुधारने की बड़ी पहल: टास्क फोर्स गठित, दैनिक रिपोर्ट के आधार पर होगा समाधान

देहरादून,(वीअ)। राजधानी में नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त करने और व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चैहान ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए स्ट्रीट लाइट, गार्बेज प्वाइंट, मोटर मार्ग, फूड सेफ्टी और विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए 20-20 जिला स्तरीय अधिकारियों की पृथक टास्क फोर्स का गठन किया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी टास्क फोर्स दैनिक आधार पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी और संबंधित विभाग प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स को निर्देशित किया है कि वे रात्रि में फील्ड विजिट कर स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की जांच करें। जहां भी लाइटें खराब या बंद पाई जाएं, उनकी गूगल लोकेशन और फोटो तुरंत संबंधित विभाग को भेजी जाए, ताकि उन्हें तत्काल ठीक किया जा सके। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा डंपिंग साइटों की सफाई और प्रमुख सड़कों पर हादसों का कारण बन रहे गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल रिपेयर करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ रोकने के लिए गोदामों, किराना दुकानों, मिठाई की दुकानों, होटलों और ढाबों में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी बढ़ाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, स्लम और इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में बिजली चोरी रोकने के लिए संघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं (आयुष्मान व राशन कार्ड) का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश महामंत्री बने विक्की

हरिद्वार,(वीअ)। उत्तरी हरिद्वार चेतन ज्योति आश्रम में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान नए पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष सुनील सेठी ने पार्षद हरविंद्र सिंह विक्की को प्रदेश महामंत्री, सतनाम सिंह को प्रदेश कोषाध्यक्ष, मनोज महंत को प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय अनेजा और वरुण भाटिया को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजसेवा में प्रयासरत व्यक्तियों को संगठन में जोड़कर समाज का विकास करना ही हमारा लक्ष्य है। कहा कि जिले, हर शहर, हर वार्ड बूथ तक कार्यकारिणी बनाई जाएगी, ताकि एक ऐसा संगठन तैयार हो जो सर्वधर्म सम्मान सर्व समाज के साथ खड़ा होकर सभी के हितों भले के लिए कार्य करे।

उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड

UTTAM SUGAR

[कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): L99999UR1993PLC032518]
पंजीकृत कार्यालयः ग्राम लिब्बरहेड़ी, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड – 247667
फोनः 0120 – 4525000, वेबसाइटः www.uttamsugar.in, ई–मेल आईडीः investorrelation@uttamsugar.in

31वीं वार्षिक आम बैठक, ई–वोटिंग और रिकॉर्ड तिथि की सूचना

एजीएम

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की **31वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को दोपहर 12:00 बजे (भारतीय मानक समय)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो–वीडियो साधनों **("वीसी/ओएवीएम")** के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसायों का निष्पादन करने के लिए आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम की सूचना में निर्धारित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। कंपनी की 31वीं वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम बुलाने की सूचना के साथ, कंपनी/डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट ("आरटीए") के पास पंजीकृत ई–मेल आईडी वाले सभी सदस्यों को 24 अगस्त, 2026 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्रों के अनुरूप, पहले ही भेज दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, विनियम 36(1)(b) के अनुसार, जिन सदस्यों ने कंपनी/डिपॉजिटरी /डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/आरटीए के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उन्हें सूचना और वार्षिक रिपोर्ट देखने के लिए वेब–लिंक तथा उसका सटीक पथ उपलब्ध कराने हेतु पत्र भी 24 अगस्त, 2026 को भेजा जा रहा है। 31वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.uttamsugar.in, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com किया नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com तथा डिपॉजिटरी अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।

ई–वोटिंग

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, यथासंशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों के सचिवीय मानक–2 तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी को यह सुविधा प्रदान करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि सदस्य एजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। यह सुविधा निवेस कॉर्पसर्व एलएलपी द्वारा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही ई–वोटिंग प्रणाली, अर्थात् रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम के दिन ई–वोटिंग, के माध्यम से प्रदान की जाएगी। वे सदस्य, जिनके नाम **शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026**, अर्थात् कट–ऑफ तारीख, को सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हैं, रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग, दोनों सुविधाओं का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

एजीएम और ई–वोटिंग के संबंध में अन्य विवरण

1. रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **मंगलवार, 15 सितंबर, 2026 को प्रातः 9.00 बजे (भारतीय मानक समय)** से प्रारंभ होकर **गुरुवार, 17 सितंबर, 2026 को सायं 5.00 बजे (भारतीय मानक समय)** समाप्त हो जाएगी। इस अवधि के दौरान सदस्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। गुरुवार, 17 सितंबर, 2026 को सायं 5.00 बजे के बाद रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं होगी। इसके पश्चात् नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
2. यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना भेजने के बाद, किंतु कट–ऑफ तारीख अर्थात् **शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026** को या उससे पहले, कंपनी का सदस्य बनता है, तो वह 31वीं एजीएम की सूचना में दिए गए तरीके के अनुसार एजीएम में शामिल होने और ई–वोटिंग करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
3. कोई सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपने वोट का प्रयोग करने के बाद भी सामान्य बैठक में भाग ले सकता है, किंतु उसे बैठक में दुबारा वोट करने की अनुमति नहीं होगी। वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट करने के पात्र होंगे।
4. श्री नवीन कुमार रस्तोगी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव (सदस्यता संख्या 3685) को रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया तथा एजीएम के दिन ई–वोटिंग प्रणाली की निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संवीक्षा करने के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

लाभांश और रिकॉर्ड की तिथि

सदस्य ध्यान दें कि निदेशक मंडल ने 15 मई, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में ₹10 अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 25 प्रतिशत अर्थात् ₹2.50 का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। यदि एजीएम में लाभांश घोषित किया जाता है, तो स्रोत पर कर कटौती ("टीडीएस") के अधीन उसका भुगतान किया जाएगा। कंपनी ने **शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026** को रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की है, जिसका उद्देश्य 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सदस्यों की लाभांश प्राप्त करने की पात्रता निर्धारित करना है।

एजीएम से पहले या एजीएम के दौरान तकनीकी सहायता हेतु शेयरधारक:

- www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) और ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं।
- टोल फ्री नंबरः (022) 48867000 पर कॉल करें या evoting@nsdl.com पर अपना अनुरोध भेज दें।
- सुश्री परिणीता भटनागर, निविस कॉर्पसर्व एलएलपी, संपर्क नंबर 011–45201005, ई–मेल आईडीः info@nivis.co.in या श्री राजेश गर्ग, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी, ए–2ई, तीसरी मंजिल, सीएमए टॉवर, सेक्टर–24, नोएडा (उप्र), फोन नंबर 0120–4525000 या ई–मेलः investorrelation@uttamsugar.in के साथ संपर्क करें

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(राजेश गर्ग)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्याः एफसीएस–5841

दिनांकः 25 अगस्त, 2026
स्थानः नोएडा

सीएम ने स्वयं सहायता समूहों के स्टालों का शुभारंभ किया

देहरादून,(वीअ)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना' के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का शुभारंभ एवं अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार राखियों और विभिन्न स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश के सभी जनपदों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष से रक्षाबंधन के 15 दिन पूर्व ही 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव' शुरू किया जाएगा और इसे पखवाड़े के रूप में आयोजित किया जाएगा। इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए अधिक समय और बेहतर बाजार उपलब्ध होगा तथा उनकी आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। विभिन्न जनपदों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ी महिलाओं ने 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना' के लिए मुख्यमंत्री का

आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के प्रयासों से उन्हें आजीविका के नए अवसर मिल रहे हैं और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उनके द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को भी व्यापक बाजार और नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इन स्टॉलों से खरीदारी कर महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यही 'वोकल फॉर लोकल' की वास्तविक भावना है। स्थानीय उत्पादों को अपनाकर हम अपनी मातृशक्ति के परिश्रम और हुनर को सम्मान देने के साथ ही राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की मातृशक्ति राज्य की सामाजिक और आर्थिक प्रगति की मजबूत आधारशिला है। राज्य की महिलाएं परिवार संभालने के साथ खेती, पशुपालन और विभिन्न आजीविका गतिविधियों में महत्